कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा।

पत्रांक संख्या /जिविसेप्रा/2024–25 दिनांक 15.05.2024

विज्ञप्ति

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र संख्या 1538/एसएलएसए–37ए/2010 दिनांक 06.05.2024 के अनुक्रम के क्रम मे माननीय अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा द्वारा संचालित मध्यस्थता केन्द्र व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा के कार्यालय मे सृजित तृतीय श्रेणी कर्मचारी(लिपिक कनिष्ठ) संविदा के 02 पदों पर शासनादेश दिनांक 31.05.2019 संशोधित मासिक परिश्रामिक 10730/–रूपये पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के समय समय पर जारी दिशा–निर्देशो के अनुसार नियुक्ति की जानी है।

उक्त पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थीगण से आवेदन आमंत्रित किये जाते है। अधिक जानकारी व नियत आवेदन प्रारूप हेतु जनपद न्यायालय, आगरा की वेबसाईट www.dcourts.gov.in अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा के नोटिस बोर्ड पर देखे।

पात्रता–

1 आवेदक कम से कम इण्टरमीडिएट परीक्षा उतीर्ण हो।

2 आवेदक आवेदन करने की तिथि को DOEACC सोसाइटी द्वारा 'CCC' प्रमाण पत्र अथवा समकक्षता शासनादेश संख्या 2/2016/3/1/2015–क–2 दिनांक 03.05.2016 के अनुसार निर्गत हो।आवेदन प्राप्ति का अन्तिम दिनांक–**22.05.2024** से पहले का हो।

3 आवेदक अंग्रेजी भाषा मे 30 तथा हिन्दी भाषा में 25 शब्द प्रति मिनट कम्प्युटर पर टाईप करने की योग्यता रखते हो। ऐसे अभ्यर्थी जिनको जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, का कार्य/स्टेनोंग्राफी का अनुभव हो उन्हें वरीयता दी जायेगी।

4 अंग्रेजी/हिन्दी टाईपिंग के अधिकतम अंक 25–25 होंगे न्यूनतम प्रत्येक टाईपिंग टेस्ट में 10 अंक लाना अनिवार्य होगा। 10 अंक से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यिर्थी को चयन सूची में सम्मलित नहीं किया जायेगा।

5 हिन्दी टाईपिंग के लिये केवल मंगल फोंट का प्रयोग किया जायेगा।

6 आवेदक की आयु 21.05.2024 को 18 से 40 वर्ष के मध्य हो।

7 ऐसे व्यक्ति आवेदन हेतु पात्र नहीं होगे, जिनके विरूद्ध कोई आपराधिक वाद/जॉच लम्बित हो किसी न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया हो।

8 चयनित आवेदक को शासनादेश दिनांक 31.05.2019 के द्वारा संशोधित मासिक परिश्रामिक 10730/–रूपये देय रहेगा।

9 आवेदक को अपना आवेदन व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा में जमा कराना होगा।

आवेदन प्राप्ति का अन्तिम दिनांक– 22.05.2024 को अपरान्ह् 01:30 तक।

आवेदक अपना आवेदन नियत प्रारूप पर सुस्पष्ट लेख मे भर कर आवष्यक प्रपत्रो की स्वप्रमाणित छायाप्रति सहित कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा, मे दिनांक 15.05.2024 से 22.05.2024 को अपरान्ह् 01:30 तक किसी भी कार्य दिवस मे प्रस्तुत कर सकते है।

आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने हेतु अपेक्षित प्रपत्र–

1 शैक्षिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्रो की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉ।

2 आधार कार्ड व अन्य कोई भी सरकार के द्वारा निर्गत की स्वप्रमाणित छायाप्रति।

3 पास पोर्ट साईज स्वप्रमाणित रंगीन फोटोग्राफ (आवेदन के स्थान पर लगाया जाना है।)

4 किसी भी राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी किया गया चरित्र प्रमाण पत्र।

16.05.2024

(विवेक संगल)
जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
आगरा।

विज्ञप्ति की एक– एक प्रति मय आवेदन प्रारूप कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा के नोटिस बोर्ड पर एवं जनपद न्यायालय आगरा की वेबसाईट पर व माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाईट पर भी अपलोड की जायें तथा जिला सूचानाधिकारी, आगरा के माध्यम से उक्त आशय की सूचना जनपद के सामाचार पत्रां मे निशुल्क प्रकाशित करायी जाये।

16.05.2024

(विवेक संगल)
जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
आगरा।